# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 5.2.26 | 4 | 3-5 |

# एचएयू में युवा उत्सव 10 से, इस बार छात्र ही संभालेंगे प्रबंधन, शिक्षक सिर्फ गाइड

## विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता निखारने के लिए कुलपति का बड़ा फैसला

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के कैंपस में 10 और 11 फरवरी को सुरों, ताल और हुनर का संगम देखने को मिलेगा। विवि प्रशासन ने इस वर्ष के अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव उत्सव को एक नई पहचान देते हुए इसका पूरा जिम्मा विद्यार्थियों को सौंप दिया है।

यह पहली बार है जब छात्र न केवल मंच पर परफॉर्म करेंगे, बल्कि पर्दे के पीछे का पूरा प्रबंधन खुद संभालेंगे। दो दिन तक चलने वाले इस उत्सव में संगीत, नृत्य, सहित कई प्रतियोगिताओं धूम रहेगी।

### म्यूजिक, डांस, थिएटर और साहित्य में दिखेगी प्रतिभा

- **म्यूजिक :** सोलो और ग्रुप सॉन्ग।
- **डांस :** हरियाणवी लोक नृत्य और क्लासिकल।
- **थिएटर :** सामाजिक मुद्दों पर प्रहार करते नाटक और स्किट।
- **साहित्य :** तार्किक वाद-विवाद और रसमय कविता पाठ।

### यूनिवर्सिटी के 8 कॉलेजों के बीच होगा मुकाबला

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि छात्रों में लीडरशिप और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने के लिए उन्हें आयोजक बनाया गया है। शिक्षक केवल मेंटर की भूमिका में रहेंगे। महोत्सव में हिसार, कौल और बावल स्थित एग्रीकल्चर कॉलेजों सहित इंजीनियरिंग, बायोटेक, बेसिक साइंस, कम्युनिटी साइंस और फिशरीज कॉलेज के विद्यार्थी अपना दम दिखाएंगे। विश्वविद्यालय का मानना है कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी जरूरी है। जब विद्यार्थी खुद बजट, शेड्यूल और टीम को मैनेज करेंगे, तो उनमें ''टीम वर्क'' की भावना प्रबल होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 5-2-26 | 1 | 5 |

## हरियाणा कृषि विवि में अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव 10-11 को

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 10 व 11 फरवरी को अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव उत्सव का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि इस वर्ष 'उत्सव' के आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई है, जबकि शिक्षक मार्गदर्शन और पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। महोत्सव के दौरान संगीत, नृत्य, नाटक, वाद-विवाद, कविता-पाठ सहित अनेक सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आठ महाविद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभा दिखाएंगे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 5-2-26 | 4 | 3 |

## अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव 10 व 11 फरवरी को एचएयू में

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में 10 और 11 फरवरी को अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव 'उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय महोत्सव में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव के आयोजन की पूरी जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई है, जबकि शिक्षक मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण की भूमिका में रहेंगे। इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन कौशल और निर्णय लेने की क्षमता का विकास होगा। साथ ही विद्यार्थियों को टीमवर्क और बड़े आयोजनों के संचालन का व्यावहारिक अनुभव भी मिलेगा।

महोत्सव के दौरान संगीत, नृत्य, नाटक, वाद-विवाद, कविता पाठ सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रस्तुतियां होंगी। महोत्सव में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर हिसार, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर कौल व बावल, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजी. एंड टेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस शामिल हैं। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 5.2.26 | 9 | 1 |

## हकृवि में इंटर कॉलेज युवा महोत्सव 10 से

हिसार। हकृवि में 10 व 11 फरवरी को अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव 'उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस युवा महोत्सव में हकृवि के आठ कॉलेजों कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर हिसार, कौल व बावल, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस व कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस के विद्यार्थी प्रतिभा प्रदर्शन करेंगे। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि आयोजन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई है, जबकि शिक्षक मार्गदर्शन और पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। महोत्सव के दौरान संगीत, नृत्य, नाटक, वाद-विवाद, कविता-पाठ सहित अनेक सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 5.2.26 | 5 | 6 |

# हकृवि में 10-11 फरवरी को होगा अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव

हिसार, 4 फरवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 10 व 11 फरवरी को अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव 'उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि इस वर्ष 'उत्सव' के आयोजन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई है, जबकि शिक्षक मार्गदर्शन और पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। इस पहल से विद्यार्थियों में नेतृत्व, प्रबंधन तथा निर्णय क्षमता का विकास होगा और उन्हें टीमवर्क व आयोजन कौशल का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। यह महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी सृजनात्मक अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने के साथ-साथ आपसी समन्वय, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को भी प्रोत्साहित करेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 5-2-26 | 5 | 7-8 |

## हकृवि में 10 से होगा अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव

हिसार, 4 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 10 व 11 फरवरी को अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव 'उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि महोत्सव में हकृवि के आठ महाविद्यालयों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण न्यूज | 04.02.2026 | -- | -- |


# हकृवि में 10-11 फरवरी को होगा अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 10 व 11 फरवरी को अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव 'उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि इस वर्ष 'उत्सव' के आयोजन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई है, जबकि शिक्षक मार्गदर्शन और पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। इस पहल से विद्यार्थियों में नेतृत्व, प्रबंधन तथा निर्णय क्षमता का विकास होगा और उन्हें टीमवर्क व आयोजन कौशल का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। महोत्सव के दौरान संगीत, नृत्य, नाटक, वाद-विवाद, कविता-पाठ सहित अनेक सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। यह महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी सृजनात्मक अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने के साथ-साथ आपसी समन्वय, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को भी प्रोत्साहित करेगा। अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव में हकृवि के आठ महाविद्यालयों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन महाविद्यालयों में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, हिसार कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर कौल व बावल, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस व कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस शामिल हैं।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 5.2.26 | 2 | 7-8 |

## धान्सू में थैलेसीमिया की रोकथाम के बारे में किया जागरूक

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग द्वारा थैलेसीमिया जैसी गंभीर अनुवांशिक रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए गांव धान्सू के लक्ष्य पब्लिक स्कूल में एक विशेष थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामान्य अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. सुशील गर्ग बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य एवं पोषण विभागाध्यक्ष डा. वीनू सांगवान ने की। कार्यक्रम में 16 से 18 आयु वर्ग की किशोरियों ने बढ़ चढकर भाग लिया।



जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि • विज्ञप्ति

यह कार्यक्रम सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की सहायक वैज्ञानिक डॉ. वर्षा सैनी द्वारा आयोजित किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर अनुवांशिक रक्त विकार है जो माता-पिता से बच्चों में स्थानांतरित होता है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि· भूमि | 5·2·26 | 12 | 5-5 |



हिसार। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

## थैलेसीमिया गंभीर अनुवांशिक रक्त विकार : डॉ. गर्ग

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग द्वारा थैलेसीमिया जैसी गंभीर अनुवांशिक रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए गांव धांसू में एक विशेष थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामान्य अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील गर्ग इसमें मुख्य अतिथि रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य एवं पोषण विभागाध्यक्ष डॉ. वीनू सांगवान ने की। कार्यक्रम में 16 से 18 आयु वर्ग की किशोरियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की सहायक वैज्ञानिक डॉ. वर्षा सैनी द्वारा आयोजित किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर अनुवांशिक रक्त विकार है जो माता-पिता से बच्चों में स्थानांतरित होता है। उन्होंने इसके प्रमुख कारणों, लक्षणों, जांच की विधियों, उपचार एवं रोकथाम के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किशोरियों को भविष्य में विवाह से पूर्व थैलेसीमिया की जांच करवाने के महत्व के प्रति भी जागरूक किया तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. वीनू सांगवान ने अपने संबोधन में थैलेसीमिया रोग की रोकथाम में संतुलित एवं पोष्टिक आहार की भूमिका पर विशेष बल दिया। सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनु एवं शोधार्थी मधुसमिता ने उपस्थित किशोरियों एवं प्रतिभागियों को थैलेसीमिया से संबंधित जानकारी वाले पेम्फलेट एवं लीफलेट वितरित किए गए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 5.2.26 | 4 | 7-8 |

## हकृवि द्वारा धांसू में थैलेसीमिया पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 4 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग द्वारा थैलेसीमिया जैसी गंभीर अनुवांशिक रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए गांव धांसू के निजी स्कूल में एक विशेष थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामान्य अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुशील गर्ग बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य एवं पोषण विभागाध्यक्ष डॉ. वीनू सांगवान ने की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण न्यूज | 04.02.2026 | -- | -- |

# हकृवि द्वारा गांव धांसू में थैलेसीमिया पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दक्ष दर्पण

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग द्वारा थैलेसीमिया जैसी गंभीर अनुवांशिक रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए गांव धांसू के लक्ष्य पब्लिक स्कूल में एक विशेष थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामान्य अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील गर्ग बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य एवं पोषण विभागाध्यक्ष डॉ. वीनू सांगवान ने की। कार्यक्रम में 16 से 18 आयु वर्ग की किशोरियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की सहायक वैज्ञानिक डॉ. वर्षा सैनी द्वारा आयोजित किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर अनुवांशिक रक्त विकार



है जो माता-पिता से बच्चों में स्थानांतरित होता है। उन्होंने इसके प्रमुख कारणों, लक्षणों, जांच की



विधियों, उपचार एवं रोकथाम के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि समय पर जांच से सही परामर्श एवं जन जागरूकता से इस बीमारी की गंभीरता को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने किशोरियों को भविष्य में विवाह से पूर्व थैलेसीमिया की जांच करवाने के महत्व के प्रति भी जागरूक किया तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ वीनू सांगवान ने अपने संबोधन में थैलेसीमिया रोग की रोकथाम में संतुलित एवं पौष्टिक आहार की भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि संतुलित भोजन अपनाकर शरीर में आयरन की मात्रा को नियंत्रित एवं संतुलित रखा जा सकता है, जिससे पोषण संबंधी समस्याओं को कम किया जा सकता है। सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनु एवं शोधार्थी मधुसमिता द्वारा उपस्थित किशोरियों एवं प्रतिभागियों को थैलेसीमिया से संबंधित जानकारी वाले पेम्फलेट एवं लीफलेट वितरित किए गए, जिनके माध्यम से रोग के कारणों, लक्षणों, जांच एवं बचाव के उपायों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। इस अवसर पर लक्ष्य पब्लिक स्कूल के निदेशक रामनिवास वर्मा एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने विश्वविद्यालय की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।